दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 123 मुरादाबाद, 23 August 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करें:-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में


## संक्षिप्त समाचार

### मायावती ने 23 अगस्त को लखनऊ में बुलाई बैठक, लोकसभा चुनाव में यूपी की स्थिति पर होगी चर्चा



बसपा सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रदेश स्तर पर तैयारियों की चर्चा के लिए लखनऊ में 23 अगस्त को बैठक बुलाई है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने 23 अगस्त को लखनऊ में बैठक बुलाई है। इस बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चर्चा की जाएगी जिसमें मुख्य फोकस उत्तर प्रदेश होगा।बैठक में राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, विधायक उमा शंकर सिंह, विधान परिषद सदस्य भीम राव आंबेडकर, पूर्व सांसद, पूर्व एमएलसी, मुख्य जोन इंचार्ज, जिलाध्यक्ष के साथ ही बामसेफ के पदाधिकारी शामिल होंगे।बैठक में संगठन के विस्तार, बूथ गठन, सेक्टर गठन के साथ ही कैडर कैंप की तैयारियों पर चर्चा होगी। बसपा सुप्रीमो लगातार मंडलवार संगठन विस्तार के बारे में फीडबैक ले रही हैं। दिल्ली में आकाश आनंद को चार राज्यों की जिम्मेदारी देने के बाद अब उत्तर प्रदेश पर खास फोकस किया जा रहा है। दिल्ली मैं पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना, जैसे राज्यों समीक्षा करके दिशा निर्देश दे चुकी हैं।

## एमपी में सरकार बनी तो जातिगत जनगणना कराएंगे, खरगे का एलान- किसानों का कर्जा माफ, 500 में देंगे गैस सिलेंडर



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के सतना में रैली की। रैली के मंच से खरगे ने कई चुनावी वादे किए हैं। साथ ही खरगे ने ये भी कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर राज्य में जातिगत जनगणना होगी। इसके अलावा 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा। किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा।कांग्रेस की नजरें मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव पर हैं। सत्ताधारी बीजेपी के अलावा कांग्रेस भी चुनाव को लेकर अपनी तैयारी कर रही है। इसी सिलसिले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मंगलवार को सतना पहुंचे। सतना में एक रैली को सबोधित करते हुए खरगे ने कई एलान किए। खरगे ने राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस मध्य प्रदेश में जाति जनगणना कराएगी।बीजेपी पर निशाना- खरगे ने इस दौरान बीजेपी सरकार पर निशाना भी साधा है। खरगे ने कहा कि बीजेपी सरकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सिफारिश पर मंजूर किए गए बुंदेलखंड पैकेज को लागू नहीं किया है।

### 500 में एलपीजी गैस, महिलाओं को 1500 रुपये देंगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। एलपीजी सिलेंडर सिर्फ 500 रुपये में मिलेगा। महिलाओं को हर महीना 1500 रुपये दिया जाएगा। इसके अलावा सरकारी कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लाई जाएगी। 100 यूनिट तक बिजली बिल नहीं लिया जाएगा। खरगे ने इस दौरान ये भी कहा कि अब हमारी कार्यसमिति में पिछड़े वर्ग के 6 लोग हैं।

### पीएम मोदी पर जुबानी हमला


खरगे ने पीएम मोदी पर निशाना भी साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम ने हिंसा प्रभावित मणिपुर के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने अनुसूचित जाति के लिए पूजनीय संत रविदास के 100 करोड़ रुपये के मंदिर की सागर में आधारशिला रखी, लेकिन दिल्ली में मूर्ति को ध्वस्त कर दिया गया।

## CM योगी ने सुनी फरियाद, बोले- जरूरतमंदों तक पहुंचाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ



मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने पहले उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। न होने की दशा में उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और ध्यान से सुनें। साथ ही उनका त्वरित निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।सीएम योगी ने ये निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराएगी।मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने पहले उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। न होने की दशा में उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को सीएम ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## शिवपाल सिंह यादव मैनपुरी में गरजे, 'लोकतंत्र से सभी का अधिकार छीन रही भाजपा, मायावती का बीजेपी से पैक्ट'



करहल में शिवपाल सिंह ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र में सभी अधिकार छीनना चाहती है। शिवपाल यादव ने कहा लोकतंत्र में अपनी बात कहने का सभी को अधिकार है मगर भाजपा लोकतंत्र में इस तरीके की मांगों को रखने का अधिकार खत्म करना चाहती है। शिवपाल ने मायावती और ओपी राजभर पर निशाना साधा। आवारा जानवर किसानों की फसलें कर रहे बर्बाद बरेली में किसानों पर ही कर दिया मुकदमा फिरोजाबाद सीट अक्षय यादव के लिए करहल में मंगलवार को कैफे का उद्घाटन करने आए पूर्व कैबिनेट मंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा योगी सरकार में किसान बहुत परेशान है। किसानों की किसी तरह सुनवाई नहीं हो रही है। गोवंशीय खुले में घूम कर किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने पूछने पर यह भी कहा बरेली में किसानों ने गोवंशीय समस्या को लेकर प्रधानमंत्री के सामने प्रदर्शन करना चाहा। इस मामले को लेकर 91 किसानों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए।गठबंधन के पास पीएम पद के बहुत चेहरे पत्रकारों द्वारा पूछने पर उन्होंने कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव की समाजवादी पार्टी की पूरी तैयारी है। विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए गठबंधन इंडिया से भाजपा के लोग भयभीत हैं। उन्होंने पूछने पर कहा, प्रधानमंत्री पद के लिए इंडिया गठबंधन के पास बहुत से चेहरे हैं। समय आने पर उनका नाम तय किया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा, 2024 में भाजपा की हार निश्चित है। प्रदेश और देश की जनता भाजपा से हताश और निराश हो चुकी है।

### फिरोजाबाद से अक्षय यादव को लड़ाएंगे चुनाव

शिवपाल सिंह यादव ने कहा हमारी पार्टी की तरफ से अक्षय यादव को फिरोजाबाद से लोकसभा 2024 का चुनाव लड़ाया जाएगा। इसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज अथवा आजमगढ़ से चुनाव लड़ सकते हैं। यह समाजवादी पार्टी की बैठक में तय किया जाएगा। समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के ऊपर स्याही और जूता फेंकने के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा, यह सत्ता दल के लोगों को सोचना चाहिए कि मेरे समय में विपक्ष के बड़े नेताओं के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है। उन्होंने इसका सारा दोष भारतीय जनता पार्टी पर लगाते हुए कहा, विपक्ष के नेताओं को सम्मान देने का काम सत्तापक्ष पार्टी के लोग करते हैं और उनको करना चाहिए। मगर ऐसा हो नहीं रहा है।

### ओपी राजभर का भरोसा नहीं

सुभासपा के मुखिया ओम प्रकाश राजभर के बारे में पूछने पर कहा, कब क्या बोल दें, इनका कोई भरोसा नहीं है। कब किधर चले जाएं कहा नहीं जा सकता। हो सकता है, 2024 लोकसभा चुनाव से पहले किसी दूसरे दल में भी जा सकते हैं। शिवपाल सिंह यादव ने कहा राजभर पर भरोसा करना गलत है।

### भाजपा से मायावती का पैक्ट

बसपा प्रमुख मायावती के बारे में कहा, इनका भाजपा से पैक्ट है। इसीलिए यह विपक्ष में होते हुए भी 24 दलों के इंडिया गठबंधन से दूर हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से चेयरमैन चौधरी अब्दुल नईम, समाजवादी पार्टी के नेता वोट सिंह यादव, सपा के जिला महासचिव रामनारायण बाथम, अफजाल खान, डीसीबी के पूर्व चेयरमैन डॉक्टर रामकुमार यादव, पूर्व विधायक अनिल यादव, सपा नेता खालिद अख्तर समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव मल्लिका यादव आदि मौजूद रहे।

## मथुरा में रामगोपाल यादव बोले- आप को क्या सीखाऊं, इस धरती ने तो दुनिया को राजनीति सिखाई है

सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा अध्यक्षता की जा रही है। इस सम्मेलन में अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई।समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को मथुरा के वृंदावन में पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत की। इस सम्मेलन में अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति और नीतियों की जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए सपा के महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहें।

वृंदावन के छटीकरा रोड स्थित समाजवादी पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहा है। सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश




अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा अध्यक्षता की गई। इस सम्मेलन में अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सपा के महासचिव रामगोपाल यादव भी पहुंच चुके हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग तो उस धरती पर पैदा हुए हो, जिसने दुनिया को राजनीति का पाठ सिखाया। इसलिए हम तो आपको ज्यादा कुछ सिखा नहीं सकते। इतना बताते हैं कि देश में जो अभी व्यवस्था चल रही है, उसमें कोई भी ऐसा बचा नहीं है, जो परेशान न हो। सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए रामगोपाल यादव ने कहा कि बेरोजगारी चरम सीमा पर है। पहले सरकार रोजगार की व्यवस्था करती थी नौकरियां देती थी और विधि सम्वत जो आरक्षण की व्यवस्था है उस हिसाब से रोजगार मिल जाता था। लेकिन इस सरकार की मानसिकता है कि आरक्षण को खत्म कर दो। तो क्या किया नौकरियां तो देना सरकार ने बंद कर दीं, आउटसोर्सिंग करने लगे।

## संपादकीय Editorial

### From 'Luna' to 'Chandrayaan-3'

Russia's 'Luna-25' crashed before landing on the surface of the Moon's south pole. A historic and ambitious mission of Russia failed. The spacecraft had shown signs of 'abnormal condition' before it disintegrated. Scientists also tried to repair it. The vehicle was given 'Impulse' (a kind of push), but 'Luna-25' became uncontrollable. Contact with 'Luna-25' was lost even before reaching the pre-landing orbit. Ultimately, on Sunday, August 20, 2023, this 'Russian mission' collapsed after colliding with the surface of the Moon. Destroyed in pieces. Thus another scientific, space engineering endeavor proved futile. It has also been established that landing on the moon is a very complex and 'tricky' process. ISRO scientists have also accepted this. Russian missions to go to the moon and do research were started when this country was the 'Soviet Union'. 'Luna' is the nomenclature of the historical missions under which Luna-9, Luna-16, Luna-13, Luna-11, Luna-5, Luna-7, Luna-6 and Luna-24 missions were sent to the Moon. This was started on September 2, 1958 and continued till August 22, 1976. Many campaigns named 'Luna' were successful, but after Russia came into existence, this was its first and prestigious 'moon mission', on which about 1700 crore rupees were spent. Russia had sent this 'moon mission' only during the war with Ukraine. The target was set to 'land' on the surface of the south pole of the moon, because even America and China have not been able to land there yet. India's 'Chandrayaan-3' is also aiming for soft landing on the surface of the South Pole, so now 'Agni-Pariksha' is our mission. After the destruction of 'Luna-25', the landing time of Indian 'Vikram Lander' has been changed to 6.04 pm. Earlier it was to land on August 23 at 5.47 pm. This date also has its own significance, because the place where Vikram Lander is to land on the Moon, there will be sunlight and this light will last for a sufficient period of time. However, the South Pole remains completely 'dark' and the temperature there remains more than -230 degree Celsius. One lunar day is equal to our one year, so ISRO scientists made a proper calculation of when there would be sunlight. In this way our campaign was saved from spending unnecessary resources of energy. Since we have also faced the last minute failure of 'Chandrayaan-2', this time extra arrangements have been made and precautions have also been taken. Our only goal is that 'Chandrayaan-3' proves to be a milestone and we can write history on the moon. Although there are many fundamental differences between 'Luna-25' and 'Chandrayaan-3', the space missions to the moon have the same common goal to study the possibilities of water, soil, minerals, climate, gravity and human life on the moon. to do. Of course our missions failed, but whatever our vehicles are roaming in space, they have been continuously sending us photos. That means research and information is going on. Now our 'Vikram Lander' is only 25 kilometers away from the lunar surface. All its commands are working systematically. The propulsion module from which the lander was separated still has more than 150 kg of fuel left, so it can remain active in lunar orbit for several years instead of 3-6 months. The last 15-20 minutes of the landing of the lander are considered extremely critical, as its position is like a 'chakravyuh'. We are waiting for the evening of 23rd August. The reasons for which 'Luna-25' was destroyed could be technical, software glitches are possible or there could be some other reasons as well. Russia's space agency will investigate those reasons, but our gaze is on 'Chandrayaan-3'. God will do good to all. This time the efforts of the scientists are not to repeat the previous mistakes, time there is more hope of success.

# Yuzvendra Chahal's ODI innings also ends as he is out of Asia Cup!

Yuzvendra Chahal is such a player, who gives wickets to the team when needed. A right-arm leg break googly, the bowler has bailed the team out of trouble several times and has an excellent record in ODIs. He has taken 121 wickets in 72 matches and has an economy of 5.26. The Indian team for the Asia Cup has been announced. India will enter the Asia Cup with only one specialist spinner, Kuldeep Yadav. Yuzvendra Chahal hasn't got a chance. Although the Asia Cup is going to be jointly organized in Pakistan and Sri Lanka, but all the matches of India will be played in Sri Lanka only. Spinners do well on Sri Lankan pitches. In such a situation, the right decision to play only one spinner, that too with a wrist spinner, will be decided only in the Asia Cup, but the absence of Yuzvendra Chahal is definitely going to be felt by the team. Chahal got wickets when needed. After the Asia Cup, the selection of the team for the World Cup will be almost finalized, then it can be assumed that Yuzvendra Chahal's ODI innings is almost over now. He has remained only a T20 player, because he played the last ODI in January this year, in which he was the most economical bowler and in this match against New Zealand, Chahal took two wickets in 7.2 overs and scored 43 runs. were given In this match, India won by 90 runs. Yuzvendra Chahal is such a player, who gives wickets to the team when needed. A right-arm leg break googly, the bowler has bailed the team out of trouble several times and has an excellent record in ODIs. He has taken 121 wickets in 72 matches and has an economy of 5.26. He is also the only bowler to have taken 4 wickets five times and 4 wickets twice in ODIs. In the Asia Cup, Team India has expressed more confidence in all-rounders along with fast bowlers. Jasprit Bumrah, who is returning to the team after 13 months, will surely lead the bowling attack. Apart from them, Mohammed Shami and Mohammed Siraj will also be seen in action. The responsibility of spin bowling has been given to Kuldeep Yadav. Hardik Pandya, Shardul Thakur or Akshar Patel can be seen in action as the fifth bowler. All three are all-rounders. By the way, Kuldeep Yadav is a left arm spinner. He also has a good record in ODIs. He has taken 141 wickets in 84 matches. The responsibility of spin attack is going to be on his shoulders. All eyes on Bumrah - In the Asia Cup, all eyes will be on Jasprit Bumrah. Bumrah is such a bowler, who not only destroys the batting attack of the opposition team, but is also considered to be a very economical bowler. However, he remained out of Team India due to injury for some time and cricket fans were eagerly waiting for him. Perhaps this was the reason that the Board of Control for Cricket in India (BCCI) sent him as the captain of the team sent to Ireland. If Jasprit Bumrah is successful in playing in the Asia Cup without getting injured, then India is going to get a big boost in the World Cup. Indian team looks balanced - Team India looks very balanced regarding the selection of batsmen. The playing XI includes captain Rohit Sharma, Virat Kohli (who is India's highest run-scorer in the last 5 Asia Cups 3 times in 2012, 2016 and 2022), Shubman Gill, K.L. The place of Rahul, Ishan Kishan, Hardik Pandya, Jaspreet Bumrah, Mohammed Shami, Mohammed Siraj, Kuldeep Yadav looks confirmed. The battle for the eleventh spot is going to be between Suryakumar Yadav, Shreyas Iyer, Tilak Verma, Akshar Patel, Shardul Thakur and the famous Krishna. However, it is possible that Shardul Thakur may get a chance in place of Mohammad Siraj. Apart from India, teams from Pakistan, Sri Lanka, Bangladesh, Afghanistan and Nepal are playing in the Asia Cup this time, but the main contenders are India, Pakistan, Sri Lanka and Bangladesh. In this too, the eyes of the world are going to be on India and Pakistan. It is also necessary for India to win this tournament because after this, India will be able to present its strong claim in front of the world's teams in the World Cup.

# Constitution of Congress Working Committee

When we analyze the modern history of India, we find that the history of India from 1900 to 2000 is the same as the history of the Congress party. During the journey from Mahatma Gandhi to Pt. Nehru, Indira Gandhi, Rajiv Gandhi, Sonia Gandhi and Rahul Gandhi, this party became an opposition party instead of being the ruling party, but from establishing the democracy of India's parliamentary system to the development of the country. It played an important role in molding people towards intelligent and capable and scientific thinking in such a way that the multi-party political system flourished in India in such a way that various political parties openly found the seat of power and governed the country according to their respective ideology. Contributed to development. But this journey from Mahatma Gandhi to Rahul Gandhi was full of ups and downs and in between there was a feeling that the Congress was drifting away from its core humanist-inclusive ideas which had made India a geographically distinct nation after independence. Made a secular state (Territorial State). Currently this 137-year-old party is going through its transition period and such a crisis is seen in front of it, due to which its 'Gandhian' base has remained 'moisturised'.

The biggest crisis before the party today is how to convert the idea of welfare state into a mass movement in this era of marketisation. Certainly it is the time of 21st century and at present it is being run by the generations after the attainment of independence in the country but there is no change in the effect of India because the primary joyous tone of India's mixed culture is 'unity in diversity'. Defines that nationalism for which Sardar Bhagat Singh to Ashfaq Ullah Khan had kissed the noose laughingly. I have already indicated that during this long journey from its basic principles, the Congress Party has been making compromises with Gandhian ideas from time to time considering political loss and gain, but still its soul 'Gandhi Baba' is somewhere. They keep tussling and the biggest proof of this is the presence of Mr. Mallikarjun Kharge, the son of a poor-Dalit, on the post of President of this party. Mr. Kharge, after becoming the president, has now announced the reconstitution of the 'Congress Working Committee' and has also included 'Shashi Tharoor' who contested against him for the Congress President's election. In the current times of internal democracy in the party This can be called an example. Along with this, he has also taken a young leader like Tarun Gogoi in this committee. Mr. Gogoi can be called the rising star of the Congress party because the political maturity and parliamentary dignity he displayed while introducing the motion of no confidence in the Lok Sabha recently can be said to be exemplary for young Congress leaders. Mr. Sachin Pilot, a one-time rebel leader of Rajasthan, has also been made a member of the working committee by Kharge.

Sachin Pilot can be called such a leader of Rajasthan who has 'come to his senses after looting everything'. Therefore, giving him a place in the highest executive of the party shows that Mr. Kharge does not want to leave due to some internal rebellion in the preparation of 2024 Lok Sabha elections. Apart from these, Mr. Kharge has also tried to give a message to the general public by including young Congress leaders from different states in this committee that the Congress Party, which is passing through the transition period, still has enough potential to serve people of all sections of the society.

It can represent and build its structure according to the vision of an inclusive India. Today, the biggest crisis before the Congress is to re-green its roots which are spread in every village and town of every state across India. These roots can be made green only when its highest decision-making body 'Working Committee' creates such a discussion, which can be able to fascinate the youth as much as possible in the current political conditions and contexts. Maximum number of leaders in the working committee should be connected to the ground and should also be serious from the ideological point of view.

We can see this quality from Rahul Gandhi and Priyanka Gandhi to Shri Kharge. In the changed political circumstances, the working committee will also have to see that it can establish that definition of nationalism among the common people, because of which this party was called the Nationalist Party during the freedom movement. At the same time, it will also have to promote strong regional leadership in different states, because in India, the federation of states, it is necessary to include regional aspirations in the national aspiration. The demand for a strong center has been a demand related to the freedom movement of the Congress, but this strong center has been associated with the autonomous rights of the states, the proof of which is the administrative system of India, whose foundation stone was laid by keeping Sardar Vallabhbhai Patel as the Home Minister. had gone In this, the District Magistrate of a district is a servant of the Central Government but he is answerable to the State Government.

It was called the 'stealth frame' of India. In the current political scenario, the new Congress Working Committee will have to make the positive usefulness of effective and strong opposition in democracy an election issue of 'public discussion' only then we will be able to see democracy getting stronger. There is a purpose in increasing the number of members from 24 to 35 only then.

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में रेलवे एवं अन्य विभागों के बीच विभिन्न बिन्दुओं के संबंध में समन्वय बैठक आहूत हुई



मुरादाबाद -मण्डलायुक्त सभागार में कमिश्नर श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में रेलवे एवं अन्य विभागों के बीच विभिन्न बिन्दुओं के संबंध में समन्वय बैठक आहुत की गई। बैठक में दलपतपुर एवं लोधीपुर डिपों के संबंध में चर्चा की गयी। बैठक में रेलवे विभाग के अधिकारी द्वारा रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण के संबंध में जानकारी दी गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के दिशानिर्देश दिए। बैठक में सम्भल डबल फाटक एवं कटघर यार्ड के बीच में अतिक्रमण एवं टेऊसपासिंग के संबंध में भी रेलवे के अधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त ने अवगत कराया गया जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक सर्वे कराकर समस्या का आपसी समन्वय के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा अन्य विभिन्न बिन्दुओं पर भी चर्चा करके संबंधित अधिकारियों को उचित दिशानिर्देश दिए। बैठक में डीआईजी पुलिस श्री मुनिराज जी, जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, वी0सी0एम0डी0ए0 श्री शैलेश सिंह, अपर आयुक्त प्रशासन प्रथम, एसपी टैऊफिक श्री सुभाष गंगवार, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता पश्मिाचंल विद्युत वितरण निगम लि0 सहित रेलवे विभाग मुरादाबाद मण्डल, उत्तर रेलवे के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, उत्तर प्रदेश सेतु अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

# पद्मश्री दिलशाद हुसैन को मिला लंदन से टी लाइट बनाने का आर्डर, मोदी सरकार का जताया आभार



मुरादाबाद- शिल्प गुरु ने कहा कि सरकार ने उनको पद्मश्री दिया। अब उसका लाभ भी मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने मोदी सरकार का शुक्रिया अदा किया है। शिल्प गुरु पद्मश्री दिलशाद हुसैन को लंदन से 300 टी लाइट बनाकर भेजने के लिए ऑर्डर मिला तो वह उत्साहित हो गए। उन्होंने कहा कि अब तैयार माल शीघ्र ही मुरादाबाद से लंदन के लिए बुक किया जाएगा। पद्मश्री दिलशाद हुसैन ने बताया कि डेढ़ माह पहले उनके पास लंदन के एक बायर ने कॉल किया। पूछा कि आप ही पद्मश्री है। काफी देर तक हालचाल लेने के बाद उसने सैंपल भेजा। उसने नक्काशीयुक्त 150 टी लाइट बनाने का आर्डर दिया। इस मामले में शिल्प गुरु ने दो पीस सैंपल बनाकर उसको भेज दिया। बताया कि ऐसी ही टी लाइट तैयार की जाएगी। टी लाइट पर नक्काशी को देखकर लंदन का बायर काफी खुश हो गया। उसने 300 पीस सामान बनाने का आर्डर दिया। मोलभाव के बाद 600 रुपये प्रति पीस देने पर सौदा तय हुआ। अब सामान बनकर तैयार हो गया है। शीघ्र ही माल को लंदन के लिए बुक किया जाएगा।अब मुरादाबाद की नक्काशी लंदन में चमकेगी। विदेशी बायर ने सामान का आधा पैसा 90 हजार रुपये उनके अकाउंट में भेज दिया है। बाकी पैसा माल बुक होने पर देने का वादा किया। शिल्प गुरु ने कहा कि सरकार ने उनको पद्मश्री दिया। अब उसका लाभ भी मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने मोदी सरकार का शुक्रिया अदा किया है।

# अनुज हत्याकांड : भाजपा नेता की हत्या के तीन आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मी भी घायल





मुरादाबाद- भाजपा नेता अनुज चौधरी हत्याकांड के सभी राज खुल गए हैं। अनुज पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने वाले तीनों आरोपी शूटरों को पुलिस ने मंगलवार तड़के मुठभेड़ में धर दबोचा। यह मुठभेड़ दो स्थलों पर हुई है। आरोपी शूटरों में सुशील उर्फ़ गोलू, सूर्यकांत उर्फ़ सोनू व आकाश बताए जा रहे हैं। मुठभेड़ में तीनों आरोपियों संग दो पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं। इन लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, खबर मिली कि तीनों बदमाश मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर करने को कांठ इलाक़े से मुरादाबाद आ रहे हैं, जिस पर इन लोगों की घेराबंदी कर बाइक सवार हत्या आरोपियों को रोक कर गिरफ्तार करने का प्रयास किया तो आरोपियों की तरफ से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी गई। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया।आत्म रक्षा हेतु जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के गोली लग गई, उसे हिरासत में लेकर जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। शेष दो अन्य भाग रहे बदमाशों का पुलिस ने पीछा करना शुरू कर दिया। भाग रहे बदमाश मुरादाबाद के थाना मझोला इलाके में पहुंच गए, जहां पहले से ही वायरलेस पर सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर रही पुलिस टीम से बदमाशों की फिर मुठभेड़ हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर इलाज के लिए ज़िला अस्पताल भेजा गया है। बता दें कि 10 अगस्त की शाम करीब 6 बजे मुरादाबाद की पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसाइटी परिसर में अनुज चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक बाइक पर तीन बदमाश आए थे। सिर्फ 15 सेकेंड में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई थी। इस मामले में असमोली की ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी के बेटे अनिकेत, उसके दोस्त रेलवे कर्मचारी नीरज पाल को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दावा किया था कि ब्लॉक प्रमुख चुनाव की रंजिश में तीस लाख रुपये की सुपारी देकर हत्या कराई थी। इस साजिश में अनिकेत ने पिता प्रभाकर और केजीके कॉलेज के क्लर्क अमित चौधरी ने अपने रिश्ते के भाई पुष्पेंद को भी शामिल किया था।

# सोनकपुर पुल के नीचे मिला युवक का शव, सिर पर मिले चोट के निशान, पत्थरों पर खून के धब्बे



मुरादाबाद-सीओ अर्पित कपूर ने बताया कि शव चार से पांच दिन पुराना लग रहा है। मृतक की उम्र करीब 30 साल रही होगी। उसके हाथ पर ओम और अरविंद लिखा है। मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में फकीपुरा पुलिस चौकी के पास सोनकपुर पुल के नीचे सुबह फिर एक युवक का शव पड़ा मिला। युवक के सिर में चोटों के निशान हैं। हालांकि, पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा सुरक्षित रख दिया गया है। सुबह सोनकपुर पुल के नीचे लोगों को एक युवक का शव नजर आया। सूचना पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम बुलाई गई। जांच में पता चला कि पुल की रेलिंग पर किसी के हाथ के निशान थे। पुल के नीचे पत्थरों पर खून के धब्बे थे। माना जा रहा है कि युवक पुल से नीचे गिरा है। पुलिस ने मौके पर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई। सीओ अर्पित कपूर ने बताया कि शव चार से पांच दिन पुराना लग रहा है। मृतक की उम्र करीब 30 साल रही होगी। उसके हाथ पर ओम और अरविंद लिखा है। इसके अलावा उसके सीने पर दिल बना हुआ है। शव के विसरा को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

## पहले भी पुल के पास मिल चुके हैं तीन शव

फकीरपुरा पुलिस चौकी के पास पहले भी शव मिल चुके हैं। 15 जुलाई 2022 को कूड़े के ढेर में एक युवक का शव मिला था। हत्या करने के बाद शव को जलाया गया था। पुलिस अब तक मृतक की पहचान नहीं करा पाई है। इस घटना के चौबीस घंटे बाद कुछ ही दूरी पर मझोला क्षेत्र में एक युवती की लाश मिली थी। चाकू से गला रेतकर युवती को मौत के घाट उतारा गया था। युवती की भी पहचान नहीं हो पाई है। पुल के पास ही सात मई 2023 को एक युवक की सिर कटी लाश मिली थी। उसका सिर तीन दिन बाद हिमगिरी कॉलोनी में झाड़ियों में मिला था। अगवानपुर निवासी एक परिवार ने मृतक की पहचान फैजान के रूप में करने का दावा किया है लेकिन अब तक डीएनए रिपोर्ट नहीं आने के कारण मामला लंबित है।

# आजम खां के खिलाफ कोर्ट की अवमानना मामले की सुनवाई टली, चार सितंबर को अगली तारीख

मुरादाबाद- अदालत में हाजिर नहीं होने पर आजम खां के खिलाफ 2020 में थाना छजलैट थाने में केस दर्ज किया गया था। मंगलवार को आजम खां को साक्ष्य के लिए गवाह प्रस्तुत करने थे। गवाह के हाजिर नहीं होने के कारण सुनवाई टाल दी गई। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के खिलाफ दर्ज अदालत की अवमानना के मामले में मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई टल गई। गवाह के नहीं आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले अगली सुनवाई 4 सितंबर को होगी। 15 साल पहले आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम समेत अन्य सपाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। आजम खां अपने परिवार के साथ मुजफ्फरनगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। छजलैट थाने के सामने पुलिस ने उनकी गाड़ी रुकवाकर चेक की थी। इसके विरोध में आजम खां और अन्य सपाइयों ने कांठ रोड पर जाम लगा कर हंगामा किया था। इस मामले में आजम खां और अब्दुल्ला आजम को सजा हो चुकी है। इसी मुकदमे में अदालत में हाजिर नहीं होने पर आजम खां के खिलाफ 2020 में थाना छजलैट थाने में केस दर्ज किया गया था। मंगलवार को इस मामले में पत्रावली मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनिंदर सिंह की अदालत में पेश की गई। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि मंगलवार को आजम खां को अपना पक्ष में सफाई साक्ष्य के लिए गवाह प्रस्तुत करने थे। लेकिन गवाह के हाजिर नहीं होने के कारण मुकदमे की सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अवमानना के मामले में सुनवाई के 4 सितंबर नियत करते हुए बचाव पक्ष के गवाह को तलब किया है।

# पुरानी रंजिश के चलते अजीमनगर के युवक को गोली से उड़ाया, हालत गंभीर

मुरादाबाद-रामपुर-अजीमनगर थाना क्षेत्र में पंचायत घर पर सो रहे युवक को गोली मार दी। युवक की गांव में ही कुछ लोगों से पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला थाना क्षेत्र के कुचैटा गांव का है। शमशाद अंसारी ( 25 वर्ष ) सो रहा था। बताते हैं रात करीब 1 बजे सो रहे युवक को किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोली मार दी। गोली के छर्रे युवक के शरीर में जा लगे। फायरिंग की आवाज से गांव में शोर शराबा होने लगा। आसपास से तमाम ग्रामीण पंचायत घर की ओर दौड़ने लगे। मौके पर जाकर देखा तो युवक खून से लथपथ जमीन पर गिरा हुआ था। फायरिंग की सूचना मिलते ही चौकी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस ने अपने स्तर से मामले की जांच शुरू कर दी है।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

सुपर जोइनिंग वीक

उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live

आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की

12 पेज का फुल अखबार

एक बार कॉल अवश्य करे

9027776991

प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# रिश्तों में हुई अनबन, खाकी ने जोड़ा अटूट बंधन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल




श्रावस्ती -पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के कुशल निर्देशन में महिला थाना में परिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों की सुनवायी की गई। जिसमें आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से परिवार टूटने के कगार पर था, परन्तु महिला थाना व पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र के अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा दोनों पक्षों की बातो को विधिवत सुना गया तथा पति-पत्नी के मध्य आपसी मनमुटाव व कलह के कारणों को दूर किया गया। इस कार्यवाही से महिला थाना व परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा 03 परिवार को बिछड़ने से बचाया गया तथा हंसी-खुशी महिला थाना से विदा किया गया।

आपको बता दें कि महिला थाना पर प्रतिदिन व पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र परिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों को अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा बिछड़े परिवारों को पुन: जोड़ने का कार्य किया जाता है। महिला थानें व पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र पर बहुत सी ऐसी शिकायतें पर प्राप्त होती है, जो पति-पत्नी में घरेलू कलह होने कारण मुकदमें, पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा आदि से सम्बन्धित होती हैं। परिवारों में दरारें न पड़े इसीलिए महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा ,उ0नि0 जितेन्द्र सिंह , उ0नि0 मो0 सईद ,उ0नि0 अमरनाथ चौहान ,उ0नि0 हौसली देवी,उ0नि0 अर्चना सिंह आदि अधि0/कर्मचारी गणों के अथक प्रयास से आपसी सुलह समझौते के आधार पर कुल 03 परिवारों को जोड़नें का सार्थक प्रयास किया गया । जिसमें 1. वादी- रेखा देवी पुत्री बच्चाराम नि0 कटरा थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती । प्रतिवादी- आशीष यादव पुत्र सतगुरू नि0 ददौली थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती 2-वादी- खुशबू पुत्री इदरीस नि0 रहिहर पुर थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती श्रावस्त प्रतिवादी फखरूद्दीन पुत्र साबिर नि0 सिरकहना मौजा जोत केशव थाना देहात कोतवाली जनपद बहराइच 3-वादी- सुशीला पत्नी मेलाराम नि0 अहिरनपुरवा बेलकर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती जिला श्रावस्ती । प्रतिवादी मेलाराम पुत्र अमिरका नि0 अहिरनपुरवा बेलकर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाया

# पंजाब का व्यापारी सरकार की गलत नीतियों से दुखी होकर राज्य से पलायन करने को हो रहा मजबूर-रजनीश धीमान



क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी

लुधियाना - उत्तराखंड के स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवम शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के लुधियाना आगमन पर वो प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अरुणेश मिश्रा के निवास स्थान पर पहुंचे।अरुणेश मिश्रा के निवास स्थान पर पहुंचने पर जिला भाजपा अध्यक्ष रजनीश धीमान,पंजाब कार्यकारणी सदस्य,पूर्व जिला जिला अध्यक्ष जतिंदर मित्तल,जिला उपाध्यक्ष लक्की चोपड़ा व उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा उनको गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ.धन सिंह रावत ने कहा कि ये बडी खुशी की बात है कि पंजाब में भाजपा का आधार बढ़ रहा है? और पंजाब की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा को बढ़ चढ़ कर समर्थन दे रहे हैं।रजनीश धीमान ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में प्राप्त 9 वर्ष की उपलब्धियों से गांवों की जनता को भी जागरूक किया जा रहा है।वहीं आज पंजाब की जनता भाजपा को सता सौंपने के लिए लालयित है।आज पंजाब के लोग बदलाव को लेकर भगवंत मान सरकार को सता सौंप पछता रहे हैं।आज पंजाब में गैंगस्टर का बोलबाला है।पंजाब का व्यापारी सरकार की गलत नीतियों से दुखी होकर राज्य से पलायन करने को मजबूर हो रहा है।पंजाब के लोगो का अब एक मात्र आखिरी विकल्प भाजपा ही है।

# एससीडी सरकारी कॉलेज ने स्नातकोत्तर और स्नातक कक्षाओं के छात्रों के लिए कैरियर ओरिएंटेशन सेमिनार का आयोजन किया



क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी

लुधियाना - एससीडी सरकारी कॉलेज ने स्नातकोत्तर और स्नातक कक्षाओं के छात्रों के लिए कैरियर ओरिएंटेशन सेमिनार का आयोजन किया। कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. सजला ने सत्र की अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता, डॉ. विक्रम शर्मा, प्रोफेसर (मार्केटिंग मैनेजमेंट) आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल, गुड़गांव का स्वागत डॉ. सजला ने किया। डॉ. विक्रम शर्मा, ने छात्रों से विभिन्न रोजगार योग्यता कौशलों के बारे में बातचीत की और उनका मार्गदर्शन किया जो उन्हें विभिन्न साक्षात्कारों में सफल होने में मदद करेगा।

उन्होंने विभिन्न कौशल (मौखिक/गैर मौखिक संचार, टीम भावना, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, पारस्परिक और प्रस्तुति कौशल आदि) पर प्रकाश डाला जो छात्रों के समग्र व्यक्तित्व को बढ़ाएगा और उन्हें विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए आश्वस्त करेगा। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. तनवीर लिखारी ने ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्र में उनकी मजबूत भागीदारी के लिए छात्रों की सराहना की। जब सदन चर्चा के लिए खोला गया, तो कई छात्र प्रश्न लेकर आए जिनका उनकी संतुष्टि के अनुरूप उत्तर दिया गया। सेमिनार में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अद्भुत और ज्ञानवर्धक बातचीत के लिए मुख्य वक्ता को धन्यवाद देने के साथ सत्र समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम को टीम के सदस्यों प्रो. दुपिंदर, प्रो. अनुराग, प्रो. शीनू और प्रो. पूजा द्वारा सफलतापूर्वक प्रबंधित किया गया।

# हरिहरपुर रानी में भारतीय किसान यूनियन की पंचायत में आक्रोशित किसानों ने ब्लॉक परिसर में लगाया ताला

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव



श्रावस्ती - हरिहरपुर रानी खण्ड विकास अधिकारी जयप्रकाश द्वारा हरिहरपुर रानी के ग्राम सभा की समस्याओं को संज्ञान में न लेने की वजह से भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा द्वारा ब्लाक परिसर में एक महापंचायत रखी गई जिसकी सूचना होते हुए भी खण्ड विकास अधिकारी हरिहरपुर रानी ने ब्लॉक परिसर छोड़कर बैंक जाने का बहाना बताते हुए बाहर निकल गए धीरे-धीरे पांचों ब्लॉकों के पदाधिकारी व सदस्य इकट्ठा हुए खण्ड विकास अधिकारी हरिहरपुर रानी से वार्ता करने के लिए पदाधिकारी ने सूचना उनके कर्मचारियों को दी कि पुराने विज्ञापनों के कृत कार्यवाही से अवगत कराएं खण्ड विकास अधिकारी हरिहरपुर रानी द्वारा कोई कार्यवाही ना करने की दशा में आक्रोशित किसानों ने ब्लाक परिसर में ताला लगाकर वीडियो के ना आने तक इंतजार किया जिसकी सूचना सीडीओ श्रावस्ती को भी दी गई श्रावस्ती प्रशासन भी मौजूद रहा एक घंटे बाद खण्ड विकास अधिकारी हरिहरपुर रानी नायब तहसीलदार भिनगा व पुलिस बल के साथ उपस्थित आए तब जाकर के भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व सदस्यों ने ब्लाक परिसर का ताला खोला पुराने ज्ञापन पर वार्ता करते हुए

फिर एक नया ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात रखी भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों से ब्लाक हरिहरपुर रानी जयप्रकाश द्वारा संतोषजनक वार्ता के बाद सभी किसान शांति पूर्वक अपने गंतव्य को रवाना हुए पंचायत के अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष श्रावस्ती रामस्वरूप वर्मा मंडल अध्यक्ष अमृतलाल वर्मा सिरसिया ब्लॉक अध्यक्ष विजय शुक्ला सहित हजारों की संख्या में भारतीय किसान यूनियन के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे विकास खंड अधिकारी हरिहरपुर रानी द्वारा आश्वासन दिया गया पुराने ज्ञापनों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-एसडीएम एटा भावना बिमल व श्रीमति प्रेमलता डेविड धर्मपत्नी विधायक सदर एटा ने लायंस क्लब द्वारा चलाए जा रहे नि्शुल्क सिलाई केंद्र पर प्रशिक्षण पूरा कर चुकी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए व मेडल पहना कर उत्साह वर्धन किया । लायंस क्लब एटा के सभी कार्यों की प्रशंशा करी। गत 6 माह से शहर के एसीसी कॉन्वेंट स्कूल में लायंस क्लब द्वारा एक नि शुल्क सिलाई केंद्र संचालित है , ि जसमें अब तक लगभग 60 बच्चियां प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वाबलंबी बन चुकी है ।

# खेतों से होते हुए वह स्कूली जाती थी,किसी दरिंदे ने उजाड़ दी मासूम की जिन्दगी

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

एटा-अलीगंज- छात्रा का घर गांव के बाहर है और स्कूल गांव में है। छात्रा खेतों से होते हुए हर दिन स्कूल जाती थी। सोमवार को भी वह स्कूल गई थी। मक्का के खेतों से होते हुए वह स्कूली जाती थी। ऐसे में खेत में कोई छिपा हो इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि मृतका घर में सबसे छोटी थी। इनसे बड़ी दो बेटियां और भी हैं। एक की शादी हो चुकी है। चार भाई भी हैं। बेटी का शव मिलने के बाद घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि जिस खेत में शव मिला है वह खेत अशोक चतुर्वेदी के नाम है जिसे पिंटू सक्सेना ने बटाई पर ले रखा था। खेत पर बैग मिलने के बाद शक बढ़ा था कि छात्रा भी आसपास ही होगी। पुलिस शव लेकर निकली, आगे फिर रोक लियाएक तरफ जहां पुलिस ने ग्रामीणों से वार्ता की तो वहीं दूसरी तरफ अन्य पुलिसकर्मी शव को कब्जे में लेकर खेत से होकर निकल गए। कुछ दूर पहुंचने पर ग्रामीणों को पता चला गया और शव को फिर से रोक लिया है। ग्रामीणों ने शव नहीं उठने दिया था। बताया जा रहा है कि ग्रामीण शव मिलने के बाद डीएम, एसएसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े थे। हालांकि एसएसपी और डीएम मौके पर पहुंच गए। दूसरी तरफ मामला बढ़ता देख अलीगंज सर्किल की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई है।

# बिहार के दिवंगत पत्रकार साथी को abpss की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि

पत्रकार हितों और पत्रकार सुरक्षा को लेकर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति जिला बरेली % प्रदेश अध्यक्ष जी के नेतृत्व में निरंतर लगातार आवाज बुलंद कर रही है। हम सब एकजूटता और सहयोग की भावना के साथ पत्रकार हित में संगठन की मजबूती और एकता के लिए आगे आएं, हम दिवंगत पत्रकार के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाये जाने की पुरजोर मांग करते हैं । आह्वान -हक, अधिकार, सम्मान तब मिलेगा जब हम एकजुट हो आगे बढ़ेंगे आएं हम सब राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में जागरूक हों और आगे बढ़ें । %पत्रकार एकता जिन्दाबाद कलम की ताकत जिंदाबाद%अभी हाल ही में बिहार में हुई एक दैनिक के पत्रकार की हत्या मामले में संगठन ने लखनऊ में 19 अगस्त 2023 को प्रदेश के कई जिलों से पहुंचे एकत्रित पत्रकार भाइयों ने पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और पत्रकार हित में सुरक्षा कानून लाये जाने की मांग की राष्ट्रीय सचिव श्री सुनील चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय प्रताप नारायण सिंह ने सांगठनिक मजबूती को लेकर सबका आह्वान किया और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग सरकार से की गई है साथ ही सभी प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को टोल , टैक्स फ्री करने, सबका बिना भेद आयुष्मान कार्ड बनवाने, पत्रकार उत्पीड़न पर रोक लगाने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, जिलों व तहसील स्तर पर प्रेस भवन बनवाने की मांग की गई।यक्ष प्रश्न-प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, यूट्यूब चैनल की संख्या बढ़ी है और पत्रकारों की संख्या भी। हर स्तर पर पत्रकारों का शोषण किया जा रहा है। अधिकतर पत्रकार केवल विज्ञापन व्यसाय के ना पर रखे गए हैं। वेतन/ मानदेय की कौन कहे कम्पनी का अधिकार पत्र या परिचय पत्र तक नहीं मिल पाता ,दूसरी ओर विज्ञापन लेने की होड़ में भयानक आपसी प्रतिस्पर्धा पत्रकारिता के स्तर को लेकर बढ़ी आलोचना, सच्ची और अच्छी खबरों , जन के हित की खबरें जो लोकतंत्र की आत्मा कही जा सकती है। सर्वथा अभाव है तो साथी साथ चलने वाले को भी आसमान दिखाने से गुरेज नहीं करते। हमें खुद अपने इंसाफ के लिए खड़े होने की जरूरत है। एक दूसरे का सहयोग करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि जब तक बंटे रहेंगे कोई लाभ नहीं मिलने वाला ।। तो आइए मिलाकर चलें कदम से कदम पं एस पी शर्मा सत्यम जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति बरेली

# जुआ खेलते सात गिरफ़्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
लंकीन प्रसाद वर्मा




